an>

title: Need to take action to bring back Indian fishermen and their boats from the captivity of Pakistan.

डॉ. किरिट पी. सोलंकी (अहमदाबाद) : अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे शून्यकाल में बोलने की अनुमति दी, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। गुजरात के जखाऊ समुद्री क्षेत्र में मछुआरे मछली पकड़ने के लिए जाते हैं, वहां वे लोग अपने रोजगार के लिए जाते हैं। लेकिन जब वे अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा पर पहुंचते हैं तो पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के द्वारा पकड़ लिये जाते हैं और उनकी बोट्स भी जब्त कर ली जाती हैं। ऐसे करीबन 281 भारतीय मछुआरे और उनकी 844 बोट्स पाकिस्तान के कब्जे में हैं। मैं आपको स्मरण दिलाना चाहता हूं कि हमारे प्रधान मंत्री जी ने मछुआरों को छुड़वाया था, चाहे वे मछुआरे तमिलनाडु के हों या गुजरात के हों।

अतः मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि उन मछुआरों को तत्काल छुड़ाया जाए और उनकी बोट्स को वापस दिलवाया जाए। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष :

श्री केशव प्रसाद मौर्य,

श्री राम चरित्र निषाद एवं

श्री भैरों प्रसाद मिश्र को डा.किरिट पी. सोलंकी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।